an>

title: Regarding inclusion of small roads under Pradhanmantri Gram Sadak Yojana in Jalaun, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जो सड़कें बनाई जा रही हैं, उनकी हालत की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, जिले की प्रमुख सड़कें कई ब्लॉक्स से हो कर गुजरती हैं। इस वजह से कई बार एक ब्लॉक की लम्बाई के अनुसार केवल आधी सड़क बनाकर छोड़ दी जाती है, जिसका सदुपयोग जिले के लोग नहीं कर पाते हैं। आस-पास के गांवों के पास की सड़कों को प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत न लेने की वजह से वे सड़कें नहीं बनती हैं।

मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि जो भी सड़क बने, वह पूरी बनाए जाए, चाहे वह बीस किलोमीटर की सड़क हो या पन्द्रह किलोमीटर की सड़क हो। इसके साथ गांवों के साथ जो सड़कें खराब हालत में हैं, चाहे उनकी कितनी भी कम लम्बाई क्यों न हो, वे भी बनाई जाएं। ऐसा करने से उस क्षेत्र के लोग सड़कों का सदुपयोग कर सकेंगे।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhanu Pratap Singh Verma.

-